### एक नजर में

## खर्राखेड़ा में मजदूर का घर ढहा

**बमोरी।** अंचलभर में हो रही तेज बारिश से कच्चे मकानों मे अब काफी नुकसान देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक बीते सप्ताह तेज बारिश के चलते बमोरी के खर्राखेड़ा में कैलाश अहिरवार के मकान में बारिश का पानी भर गया। अचानक हुए जल भराव से कच्चा मकान भरभरा के ढह गया घर में रखे खाने पीने के समान तक को भी मजदूर सुरक्षित नहीं कर पाया। कैलाश के अनुसार उसके कच्चे मकान में काफी नुकसान हुआ है पंचायत सचिव को भी इसकी जानकारी दी हफ्ता भर बाद भी प्रशासन की ओर से अभी तक कोई नहीं पहुंचा फिलहाल आसपास के लोगों ने कैलाश के परिवार को सहारा दिया।

## अजाक्स ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**गुना।** अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) गुना द्वारा नवनियुक्त प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल का आत्मीय स्वागत कर उन्हें शिक्षकों से संबंधित लंबित मामलों के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अध्यापक संवर्ग की क्रमोन्नति, वेतनमान निर्धारण, क्रमोन्नति का एरियर एवं पूर्व से लंबित महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में अजाक्स के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र, संतोष, कीर्ति मोरोलिया, दिनेश जाटव, किशोरी लाल अहिरवार, किशन लाल जाटव, राजेंद्र सिलावट, प्रेम नारायण सूर्यवंशी सहित अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अजाक्स संघ ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त प्रभारी डीईओ के नेतृत्व में लंबित मामलों का समाधान होगा।

# रातभर आफत बनकर बरसे बदरा, नालों ने उगला कहर

## हाल ही में डली एबी रोड की सड़क क्षतिग्रस्त, जेसीबी के साथ मोर्चा संभालने पहुंचा प्रशासन







नवभारत न्यूज

**गुना 4 जुलाई का। जिले में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात हुई तेज मूसलाधार बारिश ने शहर को पूरी तरह से जलमग्न कर दिया। रातभर हुई भारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर आ गए, जिससे निचली बस्तियों में पानी घुस गया और सडकों पर दो से तीन फुट तक पानी बहता रहा। शहर की सडकों से लेकर कॉलोनियों और घरों तक पानी भर गया, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।**

वहीं, बिजली की तेज कडक और अंधेरे में भरे पानी ने लोगों में डर और दहशत का माहौल बना दिया। तेज बारिश का सबसे अधिक असर एबी रोड के नाले पर देखने को मिला, जो भगत सिंह कॉलोनी से नानाखेड़ी की ओर बहता है। भारी बारिश के कारण नाला उफान पर आ गया और पानी पुल के ऊपर से दो से तीन फुट ऊपर तक बहने लगा। पानी का बहाव इतना तेज था कि एबी रोड की नई बनी सडक कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। नाले का पानी सडक पर फैलने के कारण ट्रैफिक बाधित हुआ और आसपास की बस्तियों में भी हालात बिगड़ गए। मौसम विभाग ने जानकारी दी कि गुना शहर में बीती रात 53.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक कुल 609 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है, जबकि जिले का औसतन वार्षिक वर्षा आंकड़ा 1200 मिमी है। यानी आधे से अधिक बारिश अब तक हो चुकी है। तेज बारिश के चलते गोविंद गार्डन और आसपास के क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। नाले के अवरुद्ध होने के कारण पानी रुक गया और पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों में प्रशासन को लेकर नाराजगी और आक्रोश दिखाई दिया। मौके पर पहुंची एसडीएम शिवानी पांडे, नगर पालिका की प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने स्थिति का जायजा लिया और जेसीबी मशीन की मदद से जल निकासी के प्रयास शुरू किए। टीम ने सबसे पहले एबी रोड पर एक निजी मैरिज गार्डन के पास बने अस्थायी छोटे-छोटे पुलों को तुड़वाकर पानी की निकासी की व्यवस्था बनाई। इसके बाद टीम गोविंद गार्डन पहुंची, जहां पहले से अवरुद्ध नाले को आंशिक रूप से खोला गया था, लेकिन रात की बारिश के बाद पुनः जलजमाव हो गया। यहां भी पानी निकासी के लिए तत्काल कदम उठाए गए।

एसडीएम शिवानी पांडे ने बताया कि गोविंद गार्डन के पास एबी रोड पर डाली गई नई सडक बारिश के पानी के चलते पूरी तरह खराब हो गई है। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि वह जल्द ही इसे दोबारा से सही कराए। उन्होंने बताया कि संजोग गार्डन के पास नाले की बजाय छोटी-छोटी पुलियाएं डाल दी गई थीं, जिससे पानी का बहाव रुक गया। अब पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका के सहयोग से इस पूरे हिस्से को खोला जा रहा है ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके। बताया कि गोविंद गार्डन के पास एक अवैध कॉलोनी में नाले के ऊपर मकान बनाया गया है।

### अब तक 340 .0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जिले में 01 जून से अब तक 340.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 32.3 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 182.4 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 4 जुलाई प्रातः 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 609.5 मिलीमीटर, बमौरी में 534.0, आरोन में 280.0, राघौगढ़ में 298.0, चांचौड़ा में 270.0, कुम्भराज में 187.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 200.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 13.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 53.7 मिमी., बमोरी में 30.0 मिमी., आरोन में 0.0 मिमी., राघौगढ़ में 5.0 मिमी., चांचौड़ा में 0.0 मिमी., कुंभराज में 2.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 0.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

## 37 करोड़ की सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी की शिकायत

इधर पहली ही बारिश में एब रोड की सडक की पोल खोलने के बाद पूर्व विधायक एवं पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सलूजा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गुना में निर्मित 37 करोड़ की सडक की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मारूति शोरूम से चिंताहरण मंदिर तक और नानाखेड़ी मंडी गेट से गुना बायपास तक बनी सडक को घटिया बताते हुए तत्काल जांच कराने की मांग की है। सलूजा ने पत्र में उल्लेख किया है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा किए गए इस कार्य में टेंडर प्रक्रिया का सही पालन नहीं हुआ है। सडक पहली ही बारिश में दोनों ओर से क्षतिग्रस्त हो गई है, जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और बेस पूरी तरह कमजोर है। उन्होंने कहा कि डिवाइडर इतनी कमजोर गुणवत्ता के हैं कि बाइक के हल्के टकराने पर भी चूर-चूर हो जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग के किसी भी अधिकारी ने निर्माण की निगरानी नहीं की। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ठेकेदार का भुगतान रोककर निर्माण की जांच जिले से बाहर के इंजीनियरों की टीम से कराई जाए। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और कलेक्टर गुना को भी भेजी है।

## जिले के 2053 विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप क्रय हेतु 25 हजार



**गुना।** मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना 2025 के अंतर्गत गुना जिले के 2053 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु 25-25 हजार रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार से इस योजना के तहत राज्य के 94,234 विद्यार्थियों को वन क्लिक के माध्यम से यह राशि अंतरित की गई। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय गुना के मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने देखा। कार्यक्रम में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिसिंह सिंह यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्म सोनी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील अग्रवाल, रमेश मालवीय सहित गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी शामिल रहे।

## मीटर बदलने की वजह नहीं बता पाए अफसर, विद्युत मंडल में उग्र प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने शुक्रवार को बिजली कम्पनी के परिसर में प्रदर्शन किया। पार्षदों ने बिजली कम्पनी के अधिकारियों ने पूछा कि स्मार्ट मीटर लगाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है, इसका अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं मिला। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिस तरह ईस्ट इंडिया कम्पनी के माध्यम से अंग्रेजों ने भारत देश को लूटा है उसी तरह केंद्र की मोदी सरकार अडाणी-अम्बानी के माध्यम से आम जनता को लूटने का काम कर रही है।

इससे पहले नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद हनुमान चौराहे पर एकत्रित हुए और झमाझम बारिश के बीच नारेबाजी करते हुए रेलवे स्टेशन रोड स्थित बिजली कम्पनी के कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस पार्षदों ने लिखित पत्र देकर बिजली कम्पनी से जानने का प्रयास किया कि पुराने मीटरों में कौन सी खामी आ गई है, जो उन्हें हटाया जा रहा है और स्मार्ट मीटर लगाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ के मुताबिक बिजली कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारियों के पास इस बात का जवाब ही नहीं था। कांग्रेस ने बिजली कम्पनी को बताया कि जिन क्षेत्रों में अब तक स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। अगर जल्द ही स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस बड़ा जनआंदोलन खड़ा करेगी, जिसकी जवाबदेही भाजपा सरकार और बिजली कम्पनी की होगी। आपको बता दें कि प्रदर्शन के दौरान शहर में जमकर बारिश हो रही थी। इसके बावजूद कांग्रेस पार्षदों ने बिजली कम्पनी के परिसर में जमकर नारेबाजी की और ज्ञापन देने के बाद जनता को भरोसा दिलाया कि विपक्षी पार्टी उनके साथ खड़ी है।

## कियोस्क संचालकों का एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ में कियोस्क संचालक इंदर सिंह बंजारा के साथ 3.10 लाख की लूट और जानलेवा हमले की घटना ने जिलेभर के बैंक मित्र समुदाय को हिला कर रख दिया है। इस घटना के विरोध और अपने साथी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिलेभर के सैकड़ों कियोस्क संचालकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।**

घटना 2 जुलाई को उस समय हुई, जब इंदर सिंह मधुसूदनगढ़ स्थित स्टेट बैंक शाखा से नकद 3.10 लाख निकालकर अपने सेवा केंद्र उकावद जा रहे थे। रास्ते में तीन अज्ञात बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। लुटेरों ने इंदर सिंह के सिर पर वार किया, उनके वस्त्र फाड़े और पूरी नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद से इंदर सिंह गंभीर हालत में इलाजरत हैं। इस घटना के बाद से बैंक मित्र संचालकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंचे कियोस्क संचालकों ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि वे बिना किसी सुरक्षा, बीमा या सरकारी सुविधा के गांव-गांव वित्तीय सेवाएं पहुंचाते हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे लाड़ली बहना, पेंशन वितरण, जनधन खाता, डीबीटी, मनरेगा भुगतान जैसी कई जिम्मेदारियां उन पर हैं, लेकिन उनके जीवन की सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। कियोस्क संचालक हरिचरण धाकड़ ने बताया कि इंदर सिंह जैसे साथी की स्थिति गंभीर है, लेकिन पुलिस ने अभी तक न तो आरोपियों को पकड़ा और न ही राशि की कोई बरामदगी हो सकी है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हम किस भरोसे काम करें? क्या हमारी सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है?

## तीन थाना, तीन बड़ी कार्रवाई : फतेहगढ़ में 20 .35 ग्राम स्मैक जब्त

नवभारत न्यूज

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व में गुना पुलिस ने एक ही सप्ताह में तीन अलग-अलग थानों द्वारा नशा तस्करी और अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी और निर्णायक कार्यवाहियां की हैं। फतेहगढ़ थाना पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान दो अंतर्राज्यीय तस्करों से 20.35 ग्राम स्मैक जब्त कर उन्हें गिरफ्तार किया, वहीं राघौगढ़ पुलिस ने गांजे की खेती करने वाले आरोपी को धर दबोचते हुए 1 क्विंटल 79 किलो 350 ग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 17.93 लाख रुपए आंकी गई। दूसरी ओर कैंट थाना पुलिस ने शहर में सक्रिय स्मैक सिंडिकेट के दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन तीनों ही कार्यवाहियों ने न केवल मादक पदार्थों के अवैध धंधे पर करारा प्रहार किया है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि गुना पुलिस जिले को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। फतेहगढ़ थाना पुलिस की कार्रवाई बीती शाम अनारद चौराहे पर की गई, जब थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा के नेतृत्व में टीम ने वाहनों की चेकिंग के दौरान राजस्थान की ओर से आ रही हीरो होण्डा स्प्लेंडर प्लस बाइक को रोकने की कोशिश की। चालक ने बाइक भगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर गिरिराज पुत्र हरिबल्लभ मीना और राकेश पुत्र बाबूलाल मीना, दोनों निवासी ककरूआ, थाना छबड़ा, जिला बारां को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 20.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

## गेल की चिमनी बनी क्षेत्रवासियों की मुसीबत का कारण



**राधौगढ।** गैस ऑथरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड गेल विजयपुर से लगभग सवा सौ फीट उचाई की स्टोक चिमनी से यदा-कदा निकलने वाली जली हुई नेचुरल गैस की उठी लपटो से सोमवार रात्री में आसमान से लेकर राधौगढ तक उजाले में बदल गया और लोग पूछने लगे कि आखिर यह क्या है ? जिससे ना केवल वायु पर्यावरण को खतरा बन चुका है बल्कि स्टोक चिमनी से निकलने वाले धुआ और आग के शोलें से राधौगढ असंतुलित पर्यावरण के दुष्परिणाम की चपेट में आ चुका है। लेकिन गेल इंडिया से 37 वर्ष की स्थापना के बाद सी ओ टू रिक्ररी प्लांट स्थापित नही हो पाया ताकि क्षेत्र का जल वायु और पर्यावरण संतुलित बना रहे। दरअसल यह मामला राधौगढ के समीप गैस ऑथरिटी इंडिया लिमिटेड गेल विजयपुर का है। जहा सुत्रों की माने तो गेल प्लांट से लगभग 40 से 56 टन तक जली हुई नेचुरल गैस स्टोक चिमनी से आग की लपटे धुये के बीच यदा-कदा निकलती है और इसका परिणाम राधौगढ पर ही नही बल्कि गेल के पडोसी गॉव के पर्यावरण पर भारी पडता नजर आ रहा है। लेकिन पर्यावरण को सतुंलित और कार्वनडाई ऑक्साइड को परिवर्तित करने वाला सी ओ टू प्लांट लगने के आसार अभी तक सामने नही रहे। जबकि गेल इंडिया के अधिकारी स्टोक चिमनी से निकलने वाली आग और उसके धुये के दुष्परिणामो को खारिज कर चुके है कि आग और धुये से पर्यावरण को कोई खतरा नही है।

लेकिन जब सवा सौ फीट की उचाई की स्टोक चिमनी से आग और धुआ उठता है तो राधौगढ सहित गेल के समीवर्ती क्षेत्र में सवाल उठते है कि आखिर जिस प्लांट की चिमनी आग और धुआ उगल रही है तो वहा का पर्यावरण कैसे सुरक्षित रह सकता है? जबकि पूर्व मंत्री विधायक जयवर्धन सिंह ने पिछले दिनो पर्यावरण पर चिंता व्यक्त करते हुये इस मुददे को विघानसभा में उठाते हुये सी ओ टू रिकवरी प्लांट का मामला उठाया था। जबकि सुत्रों की माने तो विश्वभर में कार्वनडाई ऑक्साइड के उपयोग के लिये प्रयास किये जाते है। लेकिन गेल इंडिया द्वारा कार्वनडाई ऑक्साइड बचाने के लिये कोई आसार सामने नही आ रहे और 40 से 56 टन तक स्टोक चिमनी से चेनुरल गैस यदा-कदा जलती हुई दिखाई देती है। इसका उदारण स्टोक चिमनी से उठने वाले आग के शोलो से दिखाई देता है और आसमान से लेकर राधौगढ की वादियॉ तक उजाले में बदल जाती है। सोमवार रात्री में 9 बजे के दरमियान ऐसा ही नजारा सामने आया था।

### आयोजन
### स्वैच्छिक संगठनों के कार्य और जन अभियान परिषद की रूप रेखा आदि पर अपनी बात रखी

# जन अभियान परिषद् ने मनाया अपना स्थापना दिवस

**गुना। जिला पंचायत सभागार में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिकता पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे, विशेष अतिथि परिषद के राज्य कार्यालय से टास्क मैनेजर सैय्यद शाकिर अली जाफरी, मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद तुलसी दास दुबे उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात जल गंगा संवर्धन अभियान में जन अभियान परिषद् द्वारा किये गए कार्यों पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता तुलसीदास दुबे द्वारा स्वेक्षिक संगठनों के कार्य और जन अभियान परिषद की रूप रेखा आदि पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सुदूर गाँव में रहने वाले व्यक्ति तक योजनाओं के लाभ, उनके चरित्र निर्माण में परिषद प्रारंभ से ही बहुत बेहतर काम कर रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं के उद्धार, साफ-सफाई, जन जागरूकता हेतु भी परिषद ने बहुत अच्छा कार्य किया है और मुझे विश्वास है कि आगे भी आप इसी तरह से शासन और ग्रामीणजन के बीच सेतु के रूप में कार्य करते रहेंगे।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री द्वारा दिए गए सन्देश का वाचन किया गया एवं परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर का संदेश वीडियों के माध्यम से दिखाया गया। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे द्वारा भी जल गंगा संवर्धन अभियान में जन अभियान परिषद के कार्यों हेतु बधाई दी गयी और सभी को इसी तरह लक्षित रहते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया एवं उपस्थित सभी सहभागियों को जितना उपयोग उतना जल लेने और घर में भी उर्जा संरक्षण हेतु शपथ दिलाई।



भोपाल से पधारे टीएम सैय्यद शाकिर अली द्वारा परिषद् के कार्यों, उद्देश्य और अभी तक की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की गयी।

अंत में बेहतर कार्य करने वाले छात्र छात्राओं, नवांकुर/प्रस्फुटन समिति सदस्यों और परमश्दाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन आरोन विकासखंड समन्वयक प्रमोद रघुवंशी, और प्रेरणा गीत लोकेन्द्र लाखनोत द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### यह रहे शामिल

कार्यक्रम में जिला समन्वयक मंजूषा सालोमन, बमोरी विकासखंड समन्वयक मुकेश बंसल, चांचौड़ाा विकासखंड समन्वयक कृष्णपाल सिंह, अकाउंटेंट प्रदुम्न सिंह सिकरवार, कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण शर्मा, रामवीर कुशवाह, जिले के सभी परामर्शदाता, प्रस्फुटन/ नवांकुर समिति प्रतिनिधि, छात्र और परामर्शदाता उपस्थित रहे।

## एसडीएम चांचौड़ा टीबी मरीजों के लिए बने निक्षय मित्र

**गुना।** टीबी मुक्त भारत अभियान प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। टीबी मुक्त भारत का सपना साकार करने के उद्देश्य से कलेक्टर गुना किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर की पहल तथा बीएमओ डॉ. राजेश कुमार पुष्पक के अनुग्रह पर एसडीएम चांचौड़ा रवि मालवीय निश्चय मित्र बने। उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण आहार के लिए 5000 नगद स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किये। इस राशि से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 मरीजों को फूड बास्केट प्रदान की जाएगी। जिसमें संतुलित पोषण आहार मरीज को प्रदान किया जाएगा। टीबी की बीमारी में दवाओं के साथ संतुलित पोषण आहार अति आवश्यक है, जिसके माध्यम से मरीजों को टीबी की बीमारी से ठीक होने में आसानी होती है। दवाओं और पोषण आहार के नियमित उपयोग से टीबी के मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर अपना दैनिक जीवन पुनः सुचारू रूप से संपादित कर सकते हैं। इस दौरान हेमंत गौड़ बी सी एम, विशाल प्रजापति एसटीएस, रितेंद्र डेकाटे रीडर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे, जिन्होंने एसडीएम की इस मानवता प्रेमी पहल पर आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।


**PUBLIC NOTICE**

Everyone is informed that My Client SMFG India Home Finance Company Limited Branch Guna. is collecting the necessary documents to provide loan in the interest of Ashok Kushwah which, land P.H.No. 74 new 63, Survey no. 344, Plot no. 1, Area 700 sqft. Was sold, in the process, Plot No. 1 was sold by Muliya Bai W/o Shri Kamal Singh Kushwah, Through mother Guardian of, minor Trilok Singh S/o Kamal Singh Kushwah. and Purchased by Mr. Vijay Singh Kushwah S/o Shri Kamal Singh Kushwah. Through Doc. No. Doc. No. MP13342015A1041480 Date 18/08/2015. which has been lost.

If Someone/Financial Inst., Bank or others finds this Document somewhere, or any Objection, please return to me, or contact with legal documents with me.

And If someone uses these Document or Buys the said property, then they themselves will responsible for it. If Any person or organization has any objection about this document please contact me with Legal Documents within 07 working days from today, No Objection will be allowed after the Deadline.

**Yours faithfully –**
**Shalabh Pareek , Adv.**
**Adarsh Colony Guna**
**9425746155, 7000995345**